# Daily Current Affairs

Date : 05 January, 2026

UTKARSH CLASSES CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राजस्थान डिजीफेस्ट TiE ग्लोबल समिट-2026 |
| 2. | राजस्थान में 'आउटबाउंड पोर्टेबिलिटी' का शुभारंभ |
| 3. | राजस्थान में पक्षियों की ज्ञात प्रजातियाँ (510) |
| 4. | सरस राजसखी राष्ट्रीय मेला – 2025 |
| 5. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. 'माय करियर एडवाइजर' ऐप<br>2. एशियन वाटरबर्ड सेंसस (AWC) – 2026<br>3. राजस्थान विधान सभा कैलेण्डर-2026<br>4. रितिका चौधरी : 'मिस उर्वशी-सीजन 4'<br>5. द इंफ्रा एंड इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव-2026 |
| 6. | खेल प्रशासकों की क्षमता निर्माण पर टास्क फोर्स |
| 7. | भारत-पाकिस्तान अनाक्रमण समझौता |
| 8. | द्वितीयक प्रदूषक – Secondary Pollutants |
| 9. | इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण योजना- ECMS |
| 10. | गिग वर्कर्स की राष्ट्रव्यापी हड़ताल |
| 11. | वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट |
| 12. | प्रगति:- प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एण्ड टाइमली इम्प्लीमेंटेंशन |
| 13. | सावित्री बाई फुले की जयंती |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## राजस्थान डिजीफेस्ट TiE ग्लोबल समिट-2026

### चर्चा में क्यों?

- जयपुर में 4 से 6 जनवरी, 2026 तक ‘राजस्थान डिजीफेस्ट TiE ग्लोबल समिट-2026’ का आयोजन किया गया।




### मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन स्थल :** जयपुर एग्जिबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (JECC), सीतापुरा।
- **उद्घाटन :** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री (राजस्थान) कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ द्वारा।
- **उद्देश्य :** राजस्थान को वैश्विक इनोवेशन हब के रूप में स्थापित करना। साथ ही, स्टार्टअप्स, निवेशक, नीति-निर्माता, उद्यमी और क्रिएटर्स को मंच प्रदान करना।
- **मुख्य फोकस :** डिजिटल एग्रीकल्चर, स्मार्ट हेल्थ, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, टूरिज्म और वाटर गवर्नेंस।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**आयोजक :**


- **सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग (DoIT.C), राजस्थान :** समिट का मुख्य मेजबान और आयोजक।
- **TiE राजस्थान :** मुख्य सहयोगी।
- **iStart राजस्थान :** यह राजस्थान सरकार का प्रमुख स्टार्टअप कार्यक्रम है, जिसके बैनर तले इस फेस्ट का आयोजन हो रहा है।
- उद्घाटन समारोह में सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग तथा 7 प्रतिष्ठित संस्थानों के बीच MoU का हस्तांतरण किया गया।
- राजस्थान इनोवेशन हब के जोधपुर पोर्टल को लॉन्च किया गया।
- **राजस्थान रीजनल AI इम्पेक्ट कॉन्फ्रेंस :** इस ग्लोबल समिट के दौरान 'राजस्थान रीजनल AI इम्पेक्ट कॉन्फ्रेंस' का आयोजन किया गया, जो 19 और 20 फरवरी, 2026 को नई दिल्ली में होने वाली इंडिया-AI इम्पेक्ट समिट का प्री-प्रोग्राम था।
- 'राजस्थान रीजनल AI इम्पेक्ट कॉन्फ्रेंस' का उद्देश्य प्रदेश के AI-संचालित नवाचारों को प्रदर्शित करना, हितधारकों से संवाद करना और AI संचालन से जुड़ी कार्ययोजना के संबंध में सिफारिशें देना है।
- उल्लेखनीय है कि राजस्थान में अप्रैल, 2025 में 'राजस्थान डेटा सेंटर पॉलिसी' एवं दिसम्बर, 2024 में 'राजस्थान AVGC-XR पॉलिसी' लॉन्च की गई।
- **आईस्टार्ट इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ राजस्थान :** समिट के दौरान 'आईस्टार्ट इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ राजस्थान' का आयोजन किया गया। यह फिल्म फेस्टिवल राजस्थान की AVGC-XR (एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स एवं एक्सटेंडेड रियलिटी) नीति का आधार स्तंभ है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान में 'आउटबाउंड पोर्टेबिलिटी' का शुभारंभ

## चर्चा में क्यों?

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा 19 दिसंबर, 2025 को धौलपुर के पचगाँव में आयोजित 'राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन' के दौरान 'मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना' के तहत् आउटबाउंड पोर्टेबिलिटी का शुभारंभ किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- राजस्थान इस प्रकार की व्यवस्था अपनाने वाला देश का पहला राज्य है। इसके तहत् राजस्थान के मरीज दूसरे राज्यों में भी कैशलेस इलाज करा सकेंगे।
- इस व्यवस्था के लागू होने से देश के 30,000 से अधिक अस्पतालों का नेटवर्क 'मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना' में शामिल हो गया है।
- यह व्यवस्था 'यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज' के राजस्थान के लक्ष्य को हासिल करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगी।
- इस नई व्यवस्था के तहत् राजस्थान के पात्र परिवार प्रदेश के बाहर भी एम्पैनल्ड अस्पतालों में कैशलेस इलाज कर सकेंगे।
- **नोट :** तमिलनाडु और कर्नाटक को छोड़कर आउटबाउण्ड पोर्टेबिलिटी देश के अन्य राज्यों में मान्य होंगी।
- **सर्वाधिक अस्पताल :** आउटबाउंड पोर्टेबिलिटी के तहत् सर्वाधिक अस्पताल उत्तर प्रदेश के (6182) हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना :

- **शुरुआत :** 1 मई, 2021 से।
- **प्रावधान :** यह योजना प्रति परिवार प्रति वर्ष ₹25 लाख तक का कैशलेस उपचार/ईलाज प्रदान करती है, जिसमें ₹5 लाख रुपये बीमा मोड में और ₹20 लाख रुपये ट्रस्ट मोड में होते हैं। साथ ही अंग प्रत्यारोपण और कोक्लियर इम्प्लांट्स के लिए विशेष पैकेज भी शामिल हैं।
- इस योजना को केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PMJAY) के साथ एकीकृत करके संचालित किया जा रहा है।

### वार्षिक प्रीमियम :

- इस योजना के नये चरण में प्रति परिवार ₹1,965 का प्रीमियम निर्धारित किया गया है, जो योजना में 1,819 पैकेजों को कवर करता है, जिनमें से 1,761 पैकेज बीमा मोड में और 58 पैकेज ट्रस्ट मोड में हैं।
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA), सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना (SECC), छोटे और सीमांत किसानों, संविदा श्रमिकों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के परिवारों, वरिष्ठ नागरिक (70 वर्ष से अधिक आयु) और कोविड-19 से प्रभावित व्यक्तियों को निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम। शेष परिवार ₹850 प्रति परिवार वार्षिक प्रीमियम का भुगतान करके इस योजना में शामिल हो सकते हैं, शेष प्रीमियम का भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है।
- **MAA कोष :** योजना के सफल क्रियान्वयन और वित्तीय पूर्ति के लिए राजस्थान बजट – 2025-26 में ₹3500 करोड़ का 'MAA कोष' निर्मित किया गया है।

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

- **राजस्थान स्वास्थ्य देखभाल अधिकार अधिनियम-2023 :** "सभी के लिए स्वास्थ्य" की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम। यह अधिनियम कानूनी रूप से स्वास्थ्य के अधिकार को मान्यता देता है और इसका उद्देश्य सभी निवासियों तक स्वास्थ्य सेवाओं की समान पहुँच प्रदान करना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान में पक्षियों की ज्ञात प्रजातियाँ (510)

## चर्चा में क्यों?

- ‘राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड’ के अनुसार राजस्थान में पक्षियों की ज्ञात प्रजातियों की संख्या 510 है।



## मुख्य बिन्दु:

- राजस्थान में पाई जाने वाली कुल पक्षी प्रजातियों में से 3 प्रजातियाँ गंभीर रूप से संकटग्रस्त, 14 प्रजातियाँ रेड डेटा बुक में और 6 प्रजातियाँ (शिकारी पक्षी) गंभीर श्रेणी में हैं।

**3 प्रजातियाँ गंभीर रूप से संकटग्रस्त (क्रिटिकली एंडेंजर्ड):-**

- ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (गोडावण) : राजस्थान का राज्य पक्षी।
- व्हाइट-रम्प्ड वल्चर (सफेद पीठ वाला गिद्ध) : डाइक्लोफेनाक दवा युक्त मवेशियों के शव खाने से इनकी संख्या में नाटकीय कमी आई है।
- इंडियन वल्चर (लॉन्ग-बिल्ड वल्चर): डाइक्लोफेनाक दवा के कारण इंडियन वल्चर की संख्या में 90 प्रतिशत तक गिरावट आ चुकी है।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- 5 जनवरी को प्रति वर्ष राष्ट्रीय पक्षी दिवस (National Bird Day) मनाया जाता है।
- राजस्थान सरकार ने 'राजस्थान जैव विविधता नियम, 2010' के तहत् राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड की स्थापना की है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सरस राजसखी राष्ट्रीय मेला – 2025

## चर्चा में क्यों?

- 18 दिसंबर, 2025 से 4 जनवरी, 2026 तक जयपुर में ‘सरस राजसखी राष्ट्रीय मेला – 2025’ का आयोजन किया गया।

## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन स्थल :** जवाहर कला केंद्र (JKK), जयपुर।
- **आयोजक :** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका)
- **प्रायोजक :** ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार।
- **थीम :** 'भारत-एक सूत्रधार'।
- **मेले के प्रायोजक बैंक :** बैंक ऑफ बड़ौदा, ICICI बैंक एवं HDFC बैंक।
- **मुख्य उद्देश्य :** ग्रामीण महिला उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों (SHGs) को सशक्त बनाना।

**पुरस्कार :**

- ‘सरस राजसखी राष्ट्रीय मेला – 2025’ के समापन पर बेस्ट सेलर्स पुरस्कार प्रदान किए गए; जो निम्न प्रकार है-

**राजस्थान श्रेणी :**

- **बेस्ट सेलर का प्रथम पुरस्कार :** भरतपुर के जयशंकर SHG को प्रदान किया गया।
- **द्वितीय पुरस्कार :** बाड़मेर के दिनुवाणी SHG को प्रदान किया गया।
- **तृतीय पुरस्कार :** बाड़मेर के जोगमाया SHG को प्रदान किया गया।
- **अन्य राज्यों की श्रेणी में बेस्ट सेलर का प्रथम पुरस्कार :** उत्तर प्रदेश के हीना SHG को प्रदान किया गया।
- **द्वितीय पुरस्कार :** जम्मू एवं कश्मीर के सोगम SHG को प्रदान किया गया।
- **तृतीय पुरस्कार :** पंजाब की गुरुनानक SHG को प्रदान किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **'माय करियर एडवाइजर' ऐप**<br>■ हाल ही में, राजस्थान शिक्षा विभाग द्वारा 'माय करियर एडवाइजर' मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया।<br>■ **ऐप का विकास :** शिक्षा मंत्रालय एवं NCERT–PSSCIVE द्वारा।<br>■ इस ऐप को 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020' के अनुरूप विद्यार्थियों के लिए तैयारी के साथ-साथ जागरूकता बढ़ाने और बेहतर योजना के उद्देश्य से किया गया है।<br>■ इस ऐप के माध्यम से विद्यार्थी तीन प्रमुख मूल्यांकनों के माध्यम से अपना सेल्फ-रिव्यू कर सकते हैं।<br>■ ऐप द्वारा एप्टीट्यूड टेस्ट (20 मिनट), इंटरेस्ट टेस्ट (12 मिनट) व वैल्यूज टेस्ट (14 मिनट) के माध्यम से विद्यार्थियों का परीक्षण किया जाता है।<br>■ यह ऐप कक्षा 9 से 12वीं के विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों, अभिभावकों और काउंसलर्स के लिए भी अत्यंत उपयोगी है। |
| 2. | **एशियन वाटरबर्ड सेंसस (AWC) - 2026**<br>■ राजस्थान के 122 चिह्नित जलस्रोतों पर 'एशियन वाटरबर्ड सेंसस (AWC) - 2026' का आयोजन किया जाएगा।<br>■ **अवधि :** 3 से 18 जनवरी, 2026 तक।<br>■ **उद्देश्य :** आर्द्रभूमि (Wetlands) और जलपक्षियों का संरक्षण।<br>■ वर्ष 2026 में एशियन वॉटरबर्ड सेंसस (AWC) का 40वाँ एडिशन होगा वहीं ग्लोबल इंटरनेशनल वॉटरबर्ड सेंसस (IWC) का 60वाँ संस्करण होगा।<br>■ राजस्थान में इसका आयोजन 'राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड' द्वारा किया जा रहा है।<br>■ **नोट :** 15 से 18 जनवरी, 2026 तक उदयपुर पक्षी महोत्सव का 12वाँ संस्करण आयोजित किया जाएगा। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 3. | **राजस्थान विधान सभा कैलेण्डर-2026**<br>■ हाल ही में, राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा राजस्थान विधान सभा के वार्षिक कैलेण्डर (2026) का लोकार्पण किया गया।<br>■ वर्ष 2026 का विधानसभा कैलेण्डर भारत के स्वतन्त्रता संग्राम का आह्वान करने वाले राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम् की 150वीं जयंती' को समर्पित किया गया है।<br>■ कैलेण्डर में राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से संबंधित घटनाओं एवं विवरण तथा राष्ट्रीय गीत के रचयिता बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय सहित अन्य महापुरुषों के चित्रों को दर्शाया गया है। |
| 4. | **रितिका चौधरी : 'मिस उर्वशी-सीजन 4'**<br>■ हाल ही में, झुंझुनूं निवासी रितिका चौधरी ने ब्यूटी पेजेंट 'मिस उर्वशी-सीजन 4' का टाइटल जीता।<br>■ फर्स्ट रनरअप : सीकर की ज्योत्स्ना चौधरी।<br>■ मुंबई की वैदेही राय को 'मिस उर्वशी इंटरनेशनल' तथा सीकर की नीतू को 'मिस उर्वशी राजस्थान' चुना गया। |
| 5. | **द इंफ्रा एंड इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव-2026**<br>■ आयोजन : भिवाड़ी में 04 जनवरी, 2026 को।<br>■ टाइटल : "द इंफ्रा एंड इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव-2026 : अवसर, चुनौतियाँ और अवॉर्ड्स"।<br>■ आयोजक : फर्स्ट इंडिया न्यूज। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## खेल प्रशासकों की क्षमता निर्माण पर टास्क फोर्स

### चर्चा में क्यों?

- ओलम्पिक पदक विजेता अभिनव बिन्द्रा की अध्यक्षता में गठित टास्क फोर्स ने अपनी रिपोर्ट सौंपी है।

### मुख्य बिन्दु:

- यह रिपोर्ट भारत के खेल शासन को एक पेशेवर, जवाबदेह तथा एथलीट केन्द्रित तंत्र में बदलने के लिए रोडमेप प्रदान करती है।

**रिपोर्ट में उजागर प्रणालीगत खामियाँ**

- पेशेवर विशेषज्ञता का अभाव।
- प्रशासकों के लिए वर्तमान प्रशिक्षण अपर्याप्त व अप्रासंगिक।
- खिलाड़ी के प्रशासक बनने में बाधाएँ।
- सत्ता का केन्द्रीकरण व पारदर्शिता का अभाव।

**भारत में खेल शासन में सुधार के लिए उठाए गए कदम-**

1. राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम - 2025
2. **खेलो इंडिया नीति-2025:** ग्रासरूट लेवल पर प्रतिभा पहचान व खेल अवसंरचना का उन्नयन करने के लिए।
3. **खेलो इंडिया कार्यक्रम:** यह ग्रासरूट लेवल पर खेल संस्कृति को पुर्नजीवित करने की राष्ट्रीय पहल है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## भारत-पाकिस्तान अनाक्रमण समझौता

### चर्चा में क्यों?

- भारत और पाकिस्तान ने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया। यह परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं पर हमलों के निषेध पर समझौते के तहत् किया गया है। इस समझौते को भारत-पाकिस्तान अनाक्रमण समझौता भी कहा जाता है।



### मुख्य बिन्दु:

**भारत-पाकिस्तान अनाक्रमण समझौता-**

- **हस्ताक्षर:** 31 दिसम्बर, 1988 को हस्ताक्षर तथा 27 जनवरी, 1991 को समझौता लागू हुआ। इसके तहत् दोनों देशों को प्रत्येक वर्ष 1 जनवरी को अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की अवस्थिति के बारे में जानकारी साझा करनी होती है।
- **उद्देश्य-** दोनों पक्षों को एक-दूसरे देश में किसी भी परमाणु प्रतिष्ठान या सुविधा को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नष्ट करने या नुकसान पहुँचाने से रोकना।
- **महत्त्व-** भारत-पाकिस्तान के बीच परमाणु जोखिम को क्रम करने के उपाय के रूप में।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## द्वितीयक प्रदूषक – Secondary Pollutants

### चर्चा में क्यों?

- ऊर्जा और स्वच्छ वायु पर अनुसंधान केन्द्र- CREA की रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली के वार्षिक PM 2.5 प्रदूषक का लगभग 1/3 हिस्सा द्वितीयक प्रदूषकों, मुख्य रूप से अमोनियम सल्फेट के कारण होता है।

### मुख्य बिन्दु:

**द्वितीयक प्रदूषक**

- ये प्रदूषक प्रत्यक्ष रूप से किसी स्त्रोत (जैसे-वाहन, संयंत्र) से उत्सर्जित नहीं होते हैं।
- इनका निर्माण किसी स्त्रोत से उत्सर्जित प्रदूषक से वायुमण्डल में मौजूद अणु/जलवाष्प के साथ रासायनिक अभिक्रिया के कारण होता है। उदाहरण- अमोनियम सल्फेट, ओजोन, नाइट्रोजन के ऑक्साइड आदि।
- जो प्रदूषक किसी स्त्रोत से सीधे पर्यावरण में उत्सर्जित होते हैं, उन्हें प्राथमिक प्रदूषक कहते हैं।

**अमोनियम सल्फेट का निर्माण-**

- सल्फर डाई ऑक्साइड (SO2) गैस वायुमण्डल में ऑक्सीकृत होकर सल्फेट बनाती है। इसके बाद यह सल्फेट वायुमण्डल में मौजूद अमोनिया के साथ अभिक्रिया करता है। इस प्रक्रिया के अन्त में अमोनियम सल्फेट का निर्माण होता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण योजना- ECMS

### चर्चा में क्यों?

- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण योजना के तहत् 22 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की।




### मुख्य बिन्दु:

- **स्वीकृति में शामिल क्षेत्र:-** मोबाइल विनिर्माण, दूरसंचार, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, रणनीतिक इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोटिव, IT हार्डवेयर आदि।

**इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण योजना-**

- **शुरुआत:** अप्रैल 2025
- **अवधि:** 6 वर्ष + 1 वैकल्पिक प्रारंभिक वर्ष (6+1)
- **उद्देश्य:** घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उद्योग को वैश्विक मूल श्रृंखलाओं के साथ जोड़कर और निवेश आकर्षित करके मजबूत इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण तंत्र विकसित करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग

### उत्पादन:

- भारत में पिछले एक दशक में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में लगभग 6 गुना वृद्धि हुई है।
- भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता है।

### निर्यात:

- इलेक्ट्रॉनिक्स 2024-25 में भारत में भारत की तीसरी सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती निर्यात श्रेणी बनकर उभरा है।

### लक्ष्य:

- वर्ष 2030-31 तक 500 बिलियन डॉलर का घरेलू इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण तंत्र निर्मित करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक परिदृश्य

## गिग वर्कर्स की राष्ट्रव्यापी हड़ताल

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, स्विगी, जोमेटो, ब्लिंकिट और जेप्टो जैसे प्लेटफॉर्म के डिलिवरी कर्मियों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल की।




### मुख्य बिन्दु:

**भारत में गिग अर्थव्यवस्था:**

- सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के अनुसार गिग वर्कर वह व्यक्ति है जो पारम्परिक नियोक्ता-कर्मचारी संबंध के बाहर किसी कार्य मॉडल में कार्य करता है और उससे आय अर्जित करता है।

### दो श्रेणियाँ:

1. **प्लेटफॉर्म आधारित:** इनका कार्य ऑनलाइन सॉफ्टवेयर ऐप से सम्बद्ध रहता है, जैसे स्विगी के डिलीवरी वर्कर।
2. **गैर- प्लेटफॉर्म आधारित:** पारंपरिक क्षेत्रों में अंशकालिक या पूर्णकालिक रूप से कार्य करने वाले अनियत मजदूरी वाले कर्मी, जैसे – घरेलू नौकर।

- **संख्या-** भारत में लगभग 1 करोड़ गिग और प्लेटफार्म कर्मी है तथा इनकी संख्या 2029-30 तक 2.3 करोड़ होने का अनुमान है।

### सरकारी कल्याणकारी पहलें:

1. सामाजिक सुरक्षा संहिता-2020 एक औपचारिक सामाजिक सुरक्षा ढाँचा प्रदान करती है।
2. प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत् पंजीकृत असंगठित कार्मिकों को 2 लाख रुपए तक की वार्षिक दुर्घटना बीमा सुरक्षा प्रदान की गई है।
3. **राज्य सरकार:** राजस्थान प्लेटफार्म आधारित गिग कर्मकार (रजिस्ट्रीकरण और कल्याण) अधिनियम-2023


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण सूचकांक एवं रिपोर्ट

## वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट

### चर्चा में क्यों?

- वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रकाशित अर्द्धवार्षिक रिपोर्ट है, जिसे जून व दिसम्बर माह में प्रकाशित किया जाता है। इस रिपोर्ट में वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद् की उपसमिति के सुझाव शामिल होते हैं।




### मुख्य बिन्दु:

- **महत्त्व:** यह रिपोर्ट भारतीय वित्त प्रणाली की स्थिरता को प्रभावित करने वाले वर्तमान और नए खतरों का आकलन करती है।

**वित्तीय स्थिरता एवं विकास परिषद्-FSDC**

- **स्थापना:** वर्ष 2010, वित्त मंत्रालय के अन्तर्गत एक शीर्ष गैर-सांविधिक परिषद् है।
- **अध्यक्ष:** केन्द्रीय वित्त मंत्री
- **सदस्य:** RBI गवर्नर, सेबी, IRDAI, PFRDA, IBBI के अध्यक्ष।

**FSDC उप-समिति:**

- **अध्यक्ष:** RBI गवर्नर।
- यह वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट को सुझाव देती है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण पोर्टल एवं एप

## प्रगति:- प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एण्ड टाइमली इम्प्लीमेंटेंशन

### चर्चा में क्यों?

- प्रधानमंत्री ने PRAGATI प्लेटफार्म की 50 वीं बैठक की अध्यक्षता की। इस प्रणाली ने विभिन्न मेगा परियोजनाओं और कल्याणकारी योजनाओं के तीव्र कार्यान्वयन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।






### मुख्य बिन्दु:

**PRAGATI**

- **स्थापना:** वर्ष 2015
- **पृष्ठभूमि:** त्रिस्तरीय प्रणाली


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR


तीन स्तर
प्रधानमंत्री कार्यालय PMO
केन्द्र सरकार के सचिव
राज्यों के मुख्य सचिव


उद्देश्य
परियोजना क्रियान्वयन में तीव्रता लाना
सरकारी ऐजेंसियों के मध्य समन्वय
प्रौद्योगिकी आधारित परियोजना निगरानी
प्रभावी शिकायत निवारण एवं निगरानी

# व्यक्तित्व

## सावित्री बाई फुले की जयंती

### चर्चा में क्यों?

- प्रधानमंत्री ने सावित्री बाई फूले की 195वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की।



### मुख्य बिन्दु:

- कवि और समाज सुधारक सावित्री बाई फुले को आधुनिक भारत की पहली महिला शिक्षिका के रूप में मान्यता प्राप्त है।
- जन्म- वर्ष 1831
- विवाह- ज्योतिराव फुले।
- 1848 में ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर पुणे के भिडेवाला में भारत का पहला बालिका विद्यालय स्थापित किया।
- उन्होंने महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 1852 में महिला सेवा मण्डल की स्थापना की।
- शिशुहत्या रोकने के लिए बाल हत्या प्रतिबंधक गृह की स्थापना की।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR